**कक्षा आठवीं** **विषय हिन्दी**

**समय 3घंटे** **अंक 100**

**प्रश्न 1 दिए हुए बहुविकल्पीय प्रश्नों को ध्यान से पढ़कर सही उत्तर लिखिए। 1X20=20**

1 लाख की चूड़ियां पाठ के लेखक का नाम क्या है ?

1 कामतानाथ 2 भगवती चरण वर्मा 3 यशपाल 4 निर्मल वर्मा

2 बदलू लेखक को क्या कह कर पुकारता था?

1 मामा 2 मित्र 3 काका 4 भाई

3 बस की यात्रा पाठ में बस की दशा कैसी थी?

1 सुंदर थी 2 नई थी 3 जवान थी 4 वयोवृद्ध थी

4 हाइड्रोजन और ऑक्सीजन से मिलकर कौन सी चीज बनती है?

1 दूध 2 पानी 3 सोना 4चांदी

5 सूरदास के पद में किसके बारे में वर्णन किया गया है ?

1 श्री राम के बारे में 2 श्री कृष्ण के बारे में 3 शिव के बारे में 4 विष्णु के बारे में

6 भारत की खोज नामक पुस्तक किसने लिखी है ?

1 पंडित जवाहरलाल नेहरू 2 महात्मा गांधी जी 3 वल्लभभाई पटेल 4 यशवन्त सिंह परमार

7 वेदों की संख्या कितनी है?

1 तीन 2 दो 3 चार 4 एक

8 अहमदनगर के किले में लेखक क्या कार्य करता था?

1 बागवानी 2 दुकानदारी 3 अफसर शाह 4 नौकर का कार्य

9 अंग्रेजी सरकार भारतीयों के लिए क्या करना पसंद नहीं करती थी?

1 भारतीयों के खान-पान को 2 भारतीयों के रहन-सहन को 3 शिक्षा के प्रसार को 4 सड़को के निर्माण को

10 किस काल को भारत के इतिहास का स्वर्ण युग कहा गया है?

1 मध्यकाल 2 पाषाण काल 3 उत्तर काल 4 गुप्त काल

11 संज्ञा के स्थान पर पर प्रयुक्त होने वाले शब्दों को क्या कहते हैं ?

1 सर्वनाम 2 विशेषण 3 क्रिया 4 अव्यय

12 भाषा के कितने भेद हैं?

1 दो 2 चार 3 पांच 4 तीन

13 तुम्हारा क्या नाम है?इस वाक्य के अंत में कौन सा विराम चिन्ह है?

। प्रश्नवाचक 2 अर्धविराम 3 अल्पविराम 4 पूर्ण विराम

14 धरती शब्द के पर्यायवाची शब्द हैं।

1 भूमि 2 जमीन 3 वसुधा 4 उपरोक्त सभी

15 विद्यालय शब्द का संधि विच्छेद है।

1 विद्या+आलय 2 विद +आलय 3 विद्याल +य 4 विद्या+लय

16 क अक्षर का उच्चारण स्थान है।

1 कंठ 2 तालु 3 मूर्धा 4 दंत

17 हिंदी भाषा में स्वर कितने हैं?

1 दस 2 ग्यारह 3 बारह 4 बीस

18 वर्णों के समूह को कहते हैं।

1 अक्षर 2 शब्द 3 वाक्य 4 वर्णमाला

19 शुद्ध वर्तनी है।

1 उजबल 2 उज्ज्वल 3 उज्जवल 4 उज्जभल

20 काल के कितने भेद होते हैं?

1 आठ 2 दस 3 तीन 4 दो

**2 दिए हुए काव्यांश को पढ़कर नीचे लिखे हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 2X5=10**

जाति न पूछो साधु की ,पूछ लीजिए ज्ञान ।

मोल करो तरवार,का पड़ा रहने दो म्यान।

1 प्रस्तुत दोहा किसके द्वारा लिखा गया है ?

2 प्रस्तुत दोहे में किसकी जाति पूछने के लिए मना किया गया है?

3 साधु से उसकी जाति के अलावा क्या पूछ लेना चाहिए?

4 किस चीज का मोल करना चाहिए?

5   कबीर ने किस चीज को पड़ा रहने को कहा है?

**प्रश्न 3 नीचे लिखे हुए पद्यांश का सरलार्थ लिखकर उसका भाव स्पष्ट कीजिए।   1+3+1   =5**

माला तो कर में फिरे जिभी फिरे मुंह माहीं।

मनवा तो दसू दिसी फिरे या तो सुमिरन नहीं।।

4  **निम्नलिखित में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।   2X5=10**

1 कवि ने अपने आने को उल्लास और जाने को आंसू बनकर वह जाना क्यों कहा है?

2 पक्षी और बादलों द्वारा लाई गई चिट्ठियों को कौन-कौन पढ़ पाते हैं? अपने विचार लिखिए।

3 तलवार का महत्व होता है म्यान का नहीं.......उक्त उदाहरण से कबीर क्या कहना चाहते हैं?

4  श्री कृष्ण जी किस लोभ के कारण दूध पीने के लिए तैयार हुए?

5 कृष्ण जी अपनी चोटी के बारे में क्या-क्या कह रहे हैं?

6  सुदामा की दीन दशा देखकर श्री कृष्ण की क्या मनोदशा हुई? अपने शब्दों में लिखिए।

**प्रश्न  5  दिए गए गद्यांश के प्रश्नों को अच्छी तरह पढ़कर नीचे दिए गए  किन्ही पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए।   1×5=5**

हम पांच मित्रों ने यह तय किया कि आज शाम 4:00 बजे की बस से चलें। पन्ना से इसी कंपनी की बस सतना के लिए 1 घंटे बाद मिलती है जो जबलपुर की ट्रेन मिला देती है ।सुबह घर पहुंच जाएंगे हम में से दो को सुबह काम पर हाजिर होना था इसलिए वापसी का यही रास्ता अपनाना जरूरी था ।लोगों ने सलाह दी कि समझदार व्यक्ति इस शाम वाली बस से सफर नहीं करते ।क्या रास्ते में डाकू मिलते हैं ?नहीं, बस डाकिन है ।बस को देखा तो श्रद्धा उमड़ पड़ी। खूब वयोवृद्ध थी ।सदियों के अनुभव के निशान लिए हुए थी । लोग इसीलिए इसे सफर  नहीं करना चाहते कि वृद्धावस्था में इस कष्ट होगा।

1 उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

2 लेखक के मन में बस को देखकर कैसा भाव उमड़ा?

3  लेखक और उसके मित्रों को कहां जाना था?

4  यात्री इस बस में सफर क्यों नहीं करना चाहते थे?

5 यह बस कहां की ट्रेन मिला देती थी

6  प्रशान्त समझदार लडका है। इस  में समझदार शब्द ....संज्ञा है,सर्वनाम या विशेषण।

**प्रश्न 6 गद्य पाठों पर आधारित किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 2X5=10**

1 ऐसा लगा जैसे सारी बस ही इंजन है और हम इंजन के भीतर बैठे हैं ।लेखक को ऐसा क्यों लगा?

2 बचपन में लेखक अपने मामा के घर चाव से क्यों जाता था और बदलू को बदलू मामा न कह कर बदलू काका क्यों कहता था?

3 वस्तु विनिमय क्या है?क्या वस्तु विनिमय की पद्धति आज भी प्रचलित है?

4 लेखक को ओस की बूंद कहां मिली?

5 हाइड्रोजन और ऑक्सीजन को पानी ने अपना पूर्वज /पुरखा क्यों कहा?

6 सांप उड़ने की इच्छा को मूर्खतापूर्ण मानता था फिर उसने उड़ने की कोशिश क्यों की?

**प्रश्न 7 निम्नलिखित में से किन्ही पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 2×5=10**

1 लेखक को जेल में समय का ज्ञान कैसे प्राप्त होता था?

2 अहमदनगर किले में लेखक की दिनचर्या क्या थी ?

3 वेद क्या है? वेद कितने हैं और उनकी कोई तीन विशेषताएं लिखिए।

4 भारत का स्वर्ण युग किस काल को कहा जाता है?उस काल के प्रमुख के कार्य कौन-कौन से थे ?

5 न चाहते हुए भी अंग्रेज सरकार को भारत में शिक्षा का प्रचार और व्यवस्था क्यों करनी पड़ती थी लिखिए ।

6 अहमदनगर के किले में लेखक को खुदाई का कार्य क्यों रोक देना पड़ा?

**8 अपने विद्यालय के मुख्याध्यापक/ प्रधानाचार्य जी को आठवीं कक्षा में प्रवेश लेने के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए। 1X10=10**

**अथवा**

**चाचा जी के द्वारा आपके जन्मदिन पर भेजे गए उपहार के लिए धन्यवाद पत्र लिखिए।**

**9 निम्नलिखित दिए गए निबंधों में से कोई एक निबंध सुंदर-सुंदर शब्दों में लिखिए। 1X10=10**

1 मेरा प्रिय अध्यापक/अध्यापिका 2 हिमाचल प्रदेश 3 दीपावली 4 महात्मा गांधी

**10 दिए गए हिन्दी व्याकरण के प्रश्नों में से किन्ही पांच प्रश्नों के उत्तर लिखिए । 2×5=10**

1 व्याकरण के भेदों के नाम लिखिए।

2 परमेश्वर शब्द के पर्यायवाची शब्द लिखिए।

3 तोता और बैल शब्द के लिंग बदल कर लिखिए।

4 आरंभ तथा दिन शब्द के विलोम शब्द लिखिए।

5 हिमाचल ........राजधानी शिमला है । इस वाक्य में उचित परसर्ग ( की / ने/से ) भरिए।

6 सादा जीवन उच्च विचार इस वाक्य में कोन सा विराम चिन्ह लगेगा।

**कक्षा आठवीं** **विषय हिन्दी**

**समय 3घंटे** **कुल अंक 100**

प्रश्न 1 बहुविकल्पीय प्रश्नों में से प्रश्न उत्तर ..... 1X 20=20

प्रश्न 2 पाठ्य पुस्तक बसंत भाग 3 के काव्यांशों के प्रश्न उत्तर 2X5=10

प्रश्न 3 पाठ्य पुस्तक बसंत भाग 3 की कविताओं में से पद्यांश का प्रसंग और स रलार्थ 1+3+1=5

प्रश्न4 पाठ्य पुस्तक बसंत भाग 3 में कविताओं के प्रश्न उत्तर 2X 5=10

प्रश्न5 पाठ्य पुस्तक वसंत भाग 3 में पाठों में से गद्यांश के प्रश्न उत्तर 1X 5= 5

प्रश्न 6 पाठ्य पुस्तक बसंत भाग 3 के पाठों में से प्रश्न उत्तर 2X 5=10

प्रश्न 7 पाठ्य पुस्तक भारत की खोज में से प्रश्न उत्तर 2X 5=10

प्रश्न 8 प्रार्थना पत्र अथवा पत्र 1X 10 =10

प्रश्न 9 कोई एक निबंध 1 X 10 = 10

प्रश्न 10 हिंदी व्याकरण में से कोई पांच प्रश्न 2X 5=10